आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आठ प्रस्तावों को मंजूरी मिली।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में संविदा के आधार पर 9 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को अनुमोदन दिया।
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्रा–हिंद शुरु।
- चम्पावत जिले के खेतीखान में पांच दिवसीय 26वें दीप महोत्सव का आकर्षक झांकियों के साथ शुभारम्भ।

**कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आठ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और समान नागरिक संहिता नियमावली में संशोधन सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें राज्य के मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में उच्चीकृत करने को भी मंजूरी दी गई है। महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग के इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। विभाग में सुपरवाइजर नियमावली में संशोधन कर अब 50 प्रतिशत पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को मंत्रिमंडल में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने देहरादून के रायपुर विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली नई विधानसभा भवन परियोजना के लिए फ्रीज़ जोन में आंशिक संशोधन किया है। अब इन क्षेत्रों में छोटे घरों और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दी गई है। श्री बगोली ने बताया कि राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को कर के बाद के लाभांश की 15 प्रतिशत धनराशि को राज्य सरकार को देना होगा। इसके लिए कैबिनेट ने मंजूरी दी है। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर उत्तराखंड की पंचम विधानसभा का विशेष सत्र की तिथि के निर्धारण के लिए कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नियमावली में संशोधन को भी कैबिनेट में मंजूरी दी गई है।

**नियुक्ति अनुमोदन**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में संविदा के आधार पर 9 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को अनुमोदन दे दिया है। विभिन्न संकायों में इन

विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से मेडिकल कॉलेज में जहां शैक्षणिक गतिविधियों में व्यापक सुधार होगा, वहीं कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संकाय सदस्यों की कमी को दूर करने के लिये राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में कॉलेजों में फैकल्टी की नियुक्ति के लिये हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित साक्षात्कार कमेटी ने वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से 9 विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन कर नियुक्ति प्रस्ताव राज्य सरकार को उपलब्ध कराया है। जिसे डॉ. धन सिंह रावत ने अपना अनुमोदन दे दिया है। कमेटी द्वारा चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को संविदा के आधार पर राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में नियुक्ति दी जायेगी। इन सभी चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति आगामी तीन वर्ष या इन पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक के लिये की गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से शिक्षण व प्रशिक्षण गतिविधियों में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा मेडिकल कॉलेजों में शत–प्रतिशत फैकल्टी की तैनाती सुनिश्चित करना है।

## राश्ट्रीय सरस मेला

टिहरी जिले के मुनिकीरेती में आयोजित सरस मेले के अवसर पर आज सी.एल.एफ. की आर्थिक गतिविधियों के अवसर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रेता–विक्रेता सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में क्रेता और विक्रेताओं द्वारा अपनी फर्म और कार्यों की जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने कहा कि इस मंच के माध्यम से यहां के विक्रेताओं का मार्गदर्शन होगा।

छत्तीसगढ़ से आई जाह्नवी ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन से अपना छोटा व्यापार और स्टार्टअप करने वालों को फायदा होगा।

क्रेता–विक्रेता सम्मेलन में देश के झारखंड, चंडीगढ़ और मुंबई सहित विभिन्न हिस्सों से लगभग 25 क्रेताओं ने भाग लिया।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज से 26 अक्टूबर तक संयुक्त सैन्य अभ्यास किया जा रहा है। जन सम्पर्क अधिकारी, रक्षा, लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ऑस्ट्रा–हिंद नाम से हो रहे इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना के 120 सैनिक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सैन्य अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना, आपसी संचालन क्षमता को सुदृढ़ करना और तकनीकों तथा प्रक्रियाओं के आदान–प्रदान के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है।

## दीप महोत्सव

चम्पावत जिले के खेतीखान में पांच दिवसीय 26वें दीप  महोत्सव का आकर्षक झांकियों के साथ शुभारम्भ हो गया है। महोत्सव के अध्यक्ष विजय बोहरा ने बताया कि राज्य गठन से पहले समाज में फैली शराब और जुए जैसी सामाजिक कुरीतियों से ध्यान हटाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दीप महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज हम 26वें दीप महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं, जो अपने उद्देश्यों में सफल रहा।

पांच दिनों तक चलने वाले दीप महोत्सव में निबन्ध, भाषण, कला और वाद–विवाद सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

चम्पावत जिले में दो दिवसीय जिला विद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता आज सम्पन्न हो गई। गोरल चौड़ मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखण्डों से चयनित 275 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। जिला खेल समन्वयक प्रदीप बोहरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाले बच्चे, राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।